मेरी डगमग नैया डोले

मेरी डगमग नैया डोले बाबा क्यों कुछ ना बोले
क्यों थामे न पतवार
छोड़ के सब कुछ आया बाबा मैं तेरे धाम
मैंने सुना है तेरा जग में नाम
आता नहीं फिर क्यों मेरे श्याम
मेरी डगमग नैया डोले...............

हारे का जब तू है सहारा
मिले न क्यों मुझको बाबा किनारा
तुम इस कलयुग के हो स्वामी
बाबा तुम हो अन्तर्यामी
करता हूँ तेरा ध्यान
छोड़ के सब कुछ आया बाबा मैं तेरे धाम
मैंने सुना है तेरा जग में नाम
आता नहीं फिर क्यों मेरे श्याम
मेरी डगमग नैया डोले...............

जो भी आते द्वार तुम्हारे
बन जाते वो उनके सहारे
मैं भी दर्शन का हूँ प्यासा
पूरी कर दो मन की आशा
हाथों को लो मेरे थाम
छोड़ के सब कुछ आया बाबा मैं तेरे धाम
मैंने सुना है तेरा जग में नाम
आता नहीं फिर क्यों मेरे श्याम
मेरी डगमग नैया डोले...............

कमला आये आस लगाए
श्री चरणों में शीश नवाये
भक्ति का मुझको वर दो
अब रोम रोम में भर दो
बाबा तेरा ही नाम
छोड़ के सब कुछ आया बाबा मैं तेरे धाम
मैंने सुना है तेरा जग में नाम
आता नहीं फिर क्यों मेरे श्याम
मेरी डगमग नैया डोले...............

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20295/title/meri-dagmag-naiya-dhole

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |